लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**PARLIAMENTARIANS PAY FLORAL TRIBUTES TO LOKMANYA BAL GANGADHAR TILAK/संसद सदस्यों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की**

…

**New Delhi, 23 July, 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla paid floral tributes at the portrait of Lokmanya Bal Gangadhar Tilak in the Central Hall of Samvidhan Sadan, on his Birth Anniversary, today.

Deputy Chairman, Rajya Sabha Shri Harivansh and Members of Parliament paid floral tributes to Lokmanya Bal Gangadhar Tilak.

Secretary-General, Lok Sabha, Shri Utpal Kumar Singh also paid floral tributes on this occasion.

The portrait of Lokmanya Bal Gangadhar Tilak was unveiled in the Central Hall of Samvidhan Sadan (earlier Parliament House) on 28 July 1956 by the then Prime Minister of India, Pandit Jawaharlal Nehru, in recognition of his outstanding services to the nation.

Earlier, in his tweet message, Shri Birla said, “Tributes to the great freedom fighter and thinker Lokmanya Bal Gangadhar Tilak on his birth anniversary. The great personality of Tilak ji, who awakened political consciousness among the common people and transformed the freedom struggle into a mass movement, will continue to inspire every Indian to dedicate themselves to the nation.”

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश और संसद सदस्यों ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 28 जुलाई 1956 को संविधान सदन (पूर्व संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में किया था।

इससे पहले ट्वीट के माध्यम से दिए गए संदेश में श्री बिरला ने कहा, "महान स्वाधीनता सेनानी एवं विचारक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की जयंती पर कोटिश: नमन। आम जनमानस में राजनीतिक चेतना जागृत कर स्वतंत्रता संग्राम को जनआंदोलन का रूप देने वाले तिलक जी का विराट व्यक्तित्व प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।"